# रोनाल्डो का वर्ल्ड कप का सपना टूटा

## स्टॉपेज टाइम में स्पेन ने तोड़ा पुर्तगाल का दिल

**आर्लिंगटन (टेक्सास), 07 जुलाई स्पेन ने राउंड ऑफ़ 16 के रोमांचक मुकाबले में पुर्तगाल को 1-0 से हराकर फीफा वर्ल्ड कप के क्वार्टर फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली. सब्स्टिट्यूट मिकेल मेरिनो ने स्टॉपेज टाइम में विजयी गोल किया, जिससे पुर्तगाल का सफ़र खत्म हो गया और शायद क्रिस्टियानो रोनाल्डो का शानदार वर्ल्ड कप करियर भी.**

एटीएंडटी स्टेडियम में सोमवार को ऐसा लग रहा था कि यह मुकाबला अतिरिक्त समय में जाएगा क्योंकि दोनों टीमें 90 मिनट तक कोई गोल नहीं कर पाईं. हालांकि, स्पेन को अतिरिक्त समय के पहले मिनट में निर्णायक सफलता मिली, जब तेज़ी से ली गई फ़्री-किक ने पुर्तगाली रक्षकों को चौंका दिया. मिडफील्डर फाइबियन रुइज ने यह मूव शुरू किया और फिर सब्स्टिट्यूट फ़ेरन टोरेस ने मेरिनो के लिए एक बेहतरीन 'थ्रू बॉल' दी. मेरिनो ने शांत भाव से गेंद को गोलकीपर डियोगो कोस्टा के बगल से नीचे-बाएं कोने में पहुंचा दिया, जिससे स्पेनिश खेमे में जश्न का माहौल बन गया.

पूरे मैच के दौरान स्पेन अधिक मजबूत स्थिति में दिखा; उन्होंने मिडफ़ील्ड पर बेहतर नियंत्रण रखा और ज़्यादा अच्छे मौके बनाए. मिकेल ओयारजाबल ने शुरुआत में मिले एक मौके को गंवा दिया, जबकि लामिन यमल ने अपनी रफ़्तार और क्रिएटिविटी से लगातार पुर्तगाली की रक्षापंक्ति को परेशान किया. अपनी स्वाभाविक आक्रामक फ़ुटबॉल न खेल पाने के बावजूद, स्पेन ने लगातार दबाव बनाए रखा और उन्हें देर से मिला विजयी गोल इनाम के तौर पर मिला. वहीं, पुर्तगाल के लिए अटैक में अपनी छाप छोड़ना मुश्किल रहा. पहले हाफ़ में उन्हें सबसे अच्छा मौका तब मिला जब नूनो मेंडेस का डिफ़्लेक्टेड शॉट क्रॉसबार से टकरा गया. कोच रॉबर्टो मार्टिनेज़ ने गोल की तलाश में राफ़ेल लियाओ, फ़्रांसिस्को कॉन्सेकाओ और बर्नार्डो सिल्वा को मैदान पर उतारा, लेकिन स्पेन की रक्षापंक्ति अनुशासित रही. गोल खाने के बाद पुर्तगाल ने पूरी ताक़त झोंक दी. बर्नार्डो सिल्वा अतिरिक्त समय लेने के बहुत करीब पहुंच गए थे, जब उन्होंने 96वें मिनट में कॉन्सेकाओ के क्रॉस पर हेडर मारा जो नेट के ऊपरी हिस्से से टकराया.




| खिलाड़ी | देश | गोल |
|---|---|---|
| अर्लिंग हालैंड | नॉर्वे | 07 |
| लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | 07 |
| एम्बाप्पे | फ्रांस | 07 |
| हैरी केन | इंग्लैंड | 06 |



| 01 | 91 | 06 |
|---|---|---|
| गोल मेरिनो ने दागा विजयी गोल | मिनट में स्पेन को दिलाई जीत | वर्ल्ड कप रोनाल्डो ने खेले |


## बेल्जियम ने क्वार्टरफाइनल में किया प्रवेश



**सिएटल.** फॉरवर्ड फोलारिन बालोगुन की निलंबन के बाद टीम में वापसी बावजूद अमेरिका की पुरुष राष्ट्रीय टीम एक बार फिर विश्व कप के राउंड ऑफ 16 से बाहर हो गई. बेल्जियम ने उसे 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. पिछले पांच विश्वकपों में यह चौथी बार है जब अमेरिका को इस चार में टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है. सिएटल स्टेडियम में सोमवार रात खेले गये मुकाबले में अधिकांश प्रशंसक भी उत्साहित थे. वार्मअप के लिए मैदान पर आते ही बालोगुन का जोरदार स्वागत हुआ, और पूरे स्टेडियम में गूंजते राष्ट्रगान के बाद ऐसा लगा मानो पूरा अमेरिका जोश से भर गया हो. लेकिन पांच मैचों में पहली बार, उनकी शुरुआत धीमी रही. बेल्जियम ने किक-ऑफ से ही दबदबा बनाए रखा और लगभग तुरंत ही अपना पहला खतरनाक क्रॉस भेजा. एक मिनट के भीतर ही टिमोथी कास्टाग्ने ने दूर से जोरदार शॉट लगाकर फ्रीज़ को पूरी ताकत लगाने पर मजबूर कर दिया. मिडफील्ड में खिलाड़ी फंसे हुए से लग रहे थे. बेल्जियम का आक्रमण जारी रहा. लगभग नौ मिनट बाद, बाएं ओर से आक्रमण करते हुए, लिएंड्रो ट्रोसार्ड ने आगे बढ़कर एक आक्रमण की शुरुआत की और गेंद पेनल्टी एरिया के ऊपरी हिस्से के पास हवा में उछली.

## कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**आर्लिंग्टन, (टेक्सास).** पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने सोमवार को स्पेन के हाथों फीफा विश्व कप के राउंड-ऑफ-16 में 1-0 से मिली हार के बाद अपने पद से इस्तीफा दिया. मार्टिनेज ने 2023 में पुर्तगाल की कमान संभाली थी और टूर्नामेंट के बाद उनका अनुबंध समाप्त होने वाला था. मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में मार्टिनेज ने कहा कि यूरो 2024 में क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद इस भूमिका में बने रहना 'समझदारी की बात नहीं होगी'. उन्होंने कहा, 'हां, यह राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा आखिरी मैच है. मुझे गर्व है, मैंने 45 मैच खेले हैं और पुर्तगाल में मेरा स्वागत किया गया और मुझे प्यार मिला. यह एक ऐसी याद है जिसे मैं हमेशा अपने साथ रखूंगा. यह एक सुखद अनुभव था, गर्व का स्रोत था और साथ ही एक जिम्मेदारी भी. यह कठिन है, लेकिन यह एक चक्र का अंत है और इस संदर्भ में यह बिल्कुल सार्थक है.' उन्होंने कहा, 'हम हारे नहीं. हम एक मैच हार गए, वो भी एक ऐसी टीम के खिलाफ जो जीत की प्रबल दावेदारों में से एक थी. हमने व्यक्तिगत तौर पर शानदार प्रदर्शन किया. बड़े मैचों में, बड़ी टीमों के खिलाफ, जीत या हार छोटी-छोटी बातों पर निर्भर करती है...आप तब हारते हैं जब आप जीतने की कोशिश ही नहीं करते, और हमने आखिरी मिनट तक जीतने की कोशिश की.' उल्लेखनीय है कि पुर्तगाल का कार्यभार संभालने से पहले मार्टिनेज ने बेल्जियम को कोचिंग दी थी और इससे पहले वे एवर्टन, विगन और स्वानसी के मैनेजर रह चुके थे. एटीएंडटी स्टेडियम में खेले गए मैच में स्थानापन्न खिलाड़ी मिकेल मेरिनो ने 91वें मिनट में गोल करके स्पेन को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना आखिरी विश्व कप मैच खेला.



## फातिमा सना छोड़ेगी श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज

**लाहौर, 07 जुलाई पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने फातिमा सना को श्रीलंका दौरे के टी-20 मैचों में न खेलने और 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में बर्मिंघम फीनिक्स के लिए खेलने की इजाजत दे दी है. सना 'द हंड्रेड' में फीनिक्स के शुरुआती दो मैचों में नहीं खेल पाएंगी.**

यह टूर्नामेंट 21 जुलाई से शुरु होगा. इस दौरान वह दौरे के वनडे मैचों में हिस्सा लेंगी, जो विमेंस चैंपियनशिप का हिस्सा हैं. 28 जुलाई को वनडे सीरीज खत्म होने के बाद, सना 'द हंड्रेड' के बाकी मैचों में हिस्सा लेने के लिए हंबनटोटा से इंग्लैंड जाएंगी.



पाकिस्तान की कप्तान सना पिछले महीने 'द हंड्रेड' की किसी टीम में चुनी जाने वाली अपने देश की पहली महिला बनीं. उन्हें फ़ीनिक्स ने ऑस्ट्रेलिया की लुसी हैमिल्टन की जगह वाइल्डकार्ड ड्राफ़्ट के जरिए अपनी टीम में शामिल किया था.

## फ्रिट्ज विंबडलन के क्वार्टरफाइन में

**लंदन 07 जुलाई छठी सीड वाले टेलर फ्रिट्ज ने कजाकिस्तान के टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है. कोर्ट नंबर एक पर सोमवार को खेले गये इस मुकाबले में अमेरिका के फ्रिट्ज ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक को 7-6(1), 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन के अगले दौर में जगह बना ली है.**

इसी के साथ वे टेनिस के ग्रास-कोर्ट मेजर टूर्नामेंट के अंतिम आठ खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं. मैच की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की सर्विस तोड़ी. फ्रिट्ज़ की सर्विस टूटने से स्कोर 1-2 हो गया, लेकिन उन्होंने तुरंत वापसी करते हुए बुब्लिक की सर्विस तोड़ दी. इसके बाद दोनों ने अपनी-अपनी सर्विस बचाए रखी और अंत में अमेरिकी खिलाड़ी फ्रिट्ज़ ने टाई-ब्रेक 7-1 से जीत लिया. दूसरा सेट एक ही ब्रेक से तय हुआ. स्कोर 4-4 से बराबर होने पर, फ्रिट्ज़ ने बुब्लिक की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाते हुए सेट 6-4 से जीत लिया. तीसरे सेट में भी फ्रिट्ज़ का खेल मज़बूत रहा; उन्होंने शुरुआत में ही ब्रेक करके 2-1 की बढ़त बना ली. इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और आखिरी सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया. क्वार्टर फ़ाइनल में फ्रिट्ज का मुक़ाबला चेकिया के जिरी लेहेका और जर्मनी के अलेक्जेंडर ज़्वेरेव के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा.



## राष्ट्रपति मुर्मु किया ने डूरंड कप टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण

**नयी दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में डूरंड कप टूर्नामेंट 2026 की ट्रॉफियों का अनावरण किया और उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. आज यहां इस अवसर राष्ट्रपति ने डूरंड कप से जुड़े सभी पूर्व एवं वर्तमान अधिकारियों और खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि इस टूर्नामेंट ने अनेक प्रतिभावान फुटबॉल को मंच प्रदान किया है. उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि डूरंड कप, प्रेसिडेंट्स कप और शिमला ट्रॉफी जीतने के लिए इस वर्ष कुछ नई टीमें भी प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिनमें श्रीलंका की भी टीम शामिल है.

## चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में मुख्य आकर्षण होंगे गुकेश

**चेन्नई, 07 जुलाई चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स के चौथे संस्करण में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन गुकेश डोम्माराजू और कई अंतरराष्ट्रीय स्टार्स हिस्सा लेंगे.**

'द वेस्टिन चेन्नई वेलाचेरी' में 16 से 22 जुलाई तक होने वाले इस टूर्नामेंट में आठ बेहतरीन मास्टर्स खिलाड़ी कुल 75 लाख रूपये की इनामी राशि के खिताब और अहम फिडे सर्किट पॉइंट्स के लिए भी स्पर्धा करेंगे. स्टार-स्टडेड मास्टर्स कैटेगरी में गुकेश, जो भारत के सबसे युवा वर्ल्ड चैंपियन बने, भारत के दूसरे 2800-रेटिंग वाले खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी के साथ मुकाबला करेंगे. इस टूर्नामेंट में पूर्व वर्ल्ड रैपिड चैंपियन नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, दो बार के ग्रैंड चेस टूर चैंपियन अलीरेज़ा फिरोज़ा, 2026 बुलेट चेस चैंपियन निहाल सरीन, पूर्व कैंडिडेट्स चैलेंजर दिमित्री आंद्रेकिन, अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हंस नीमन और पिछले साल के चैलेंजर्स चैंपियन प्रणेश एम भी शामिल होंगे.



विश्व कप | टूर्नामेंट की सात पारियों में कुल 238 रन बनाए

## टी-20 बल्लेबाज़ी रैंकिंग में मूनी शीर्ष पर

**दुबई, 07 जुलाई महिला टी20 विश्व कप के फ़ाइनल में 49 गेंदों पर 64 रनों की पारी खेलने और टूर्नामेंट की सात पारियों में कुल 238 रन बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी महिला टी20 बल्लेबाज़ी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं.**

विश्व कप फ़ाइनल में प्लेयर ऑफ़ द मैच बनने के साथ ही मूनी ने प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ का अवॉर्ड भी हासिल किया था. बल्लेबाज़ी रैंकिंग में अपनी टीम की साथी जॉर्जिया वॉल को पीछे छोड़ते हुए मूनी ने शीर्ष स्थान हासिल किया है. वॉल ने विश्व कप की सात पारियों में 130 रन बनाए. मूनी की पारी की बदौलत



ऑस्ट्रेलिया ने सातवीं बार महिला टी20 विश्व कप अपने नाम किया था और वह पांचवीं बार शीर्ष महिला टी20 बल्लेबाज़ बनीं हैं और अब तक चार वर्ष से ज़्यादा समय तक वह शीर्ष स्थान पर रह चुकी हैं. विश्व कप में और ख़ासकर फ़ाइनल में मूनी ने अपने प्रदर्शन ने बड़े मैचों में प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता का परिचय दिया. वह अब वैश्विक टूर्नामेंट के फ़ाइनल में लगातार चार बार अर्धशतक लगा चुकी हैं. वह 2023 के टी20 विश्व कप के फ़ाइनल में भी प्लेयर ऑफ़ द मैच रही थीं, जिसमें उन्होंने 53 गेंदों पर 74 रन बनाए थे और ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ़्रीका को 19 रनों से हराया था. मूनी विश्व कप में एक से अधिक प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड जीतने वाली पहली खिलाड़ी भी बन गई हैं.

इससे पहले उन्होंने घर पर 2020 के टी20 विश्व कप में यह अवॉर्ड अपने नाम किया था. टी20 विश्व कप के बाद रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाने वाली खिलाड़ियों में ताजमीन ब्रिट्स शामिल हैं, जिन्होंने सेमीफ़ाइनल में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ 51 रनों की पारी खेली थी. ब्रिट्स तीन स्थान की छलांग के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं. नैट सिवर-ब्रंट ने उस मैच में 75 रन बनाए थे जबकि फ़ाइनल में उन्होंने 58 रनों की नाबाद पारी खेली थी. सिवर-ब्रंट पांच पायदान के सुधार के साथ 16वें स्थान पर पहुंच गई हैं.

## असिता फर्नांडो ने श्रीलंका को दिलाई बढ़त

**नॉर्थ साउंड.** वेस्टइंडीज के लिए जस्टिन ग्रीव्स (180) और शाई होप (112) रनों की पारी के बावजूद असिता फर्नांडो (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन वेस्टइंडीज को 499 के स्कोर पर ऑलआउट करने के बाद स्टंप के समय दो विकेट पर 92 रन बना लिये है और उसकी कुल बढ़त 142 रनों की हो गई है. वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 318 रन से आगे खेलना शुरु किया. सुबह के सत्र में शतक बनाने के बाद सोनल दिनुशा ने शाई होप (112) को आउटकर श्रीलंका को पांचवीं सफलता दिलाई. इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान रॉस्टन चेज ने पारी को संभालने का प्रयास किया.

## रैंकिंग : शीर्ष पर भारत की गेंदबाजी

**दुबई, 07 जुलाई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मंगलवार को जारी रैंकिंग में भारत की बाएं हाथ की स्पिनर चरणी दुनिया की नंबर वन टी-20 गेंदबाज बनी हुई हैं.**

आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार सोफी एक्लेस्टोन ने सेमीफाइनल और फाइनल में एक-एक विकेट लेकर अपनी टीम की साथी चार्ली डीन को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है. ऑस्ट्रेलिया की ओपनर बेथ मूनी ने महिला टी-20 विश्व कप 2026 में 'प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट' का अवॉर्ड जीतने के बाद महिला टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर वन स्थान फिर से हासिल कर लिया है. इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने, जिन्हें 2020 में घरेलू टूर्नामेंट में भी 'प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट' चुना गया था, अपनी टीम की साथी जॉर्जिया वोल को पीछे छोड़ दिया है, जो इस साल 23 मार्च से टॉप पर थीं.



मूनी ने रविवार को लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट से मिली जीत में 49 गेंदों पर शानदार 64 रन बनाकर 'प्लेयर ऑफ़ द मैच' का अवॉर्ड जीता. इससे उन्हें टूर्नामेंट में कुल 238 रन बनाने और नंबर एक के तौर पर अपना पांचवां कार्यकाल शुरू करने में मदद मिली. केवल करेन रोल्टन ही मूनी से ज़्यादा समय तक इस स्थान पर रही हैं, जबकि मूनी चार साल से ज़्यादा समय तक नंबर वन रही हैं. अन्य अहम बदलावों में, दक्षिण अफ्रीका की ओपनर तजमिन ब्रिट्स इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में 51 रन बनाकर तीन स्थान ऊपर चढ़कर 11वें नंबर पर पहुंच गई हैं.